संख्या-**57**/2018/2420**/33-3-2018-114/2012**

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- निदेशक, पंचायतीराज/मिशन निदेशक,
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ0प्र0 लखनऊ।

2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-**3** लखनऊ: दिनांक: 17 जुलाई, **2018**

विषय:- वेक्टर जनित रोगों विशेष कर ए0ई0एस0/जे0ई0 के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

उल्लेखनीय है कि वेक्टर जनित रोगों विशेष कर ए0ई0एस0/जे0ई0 के रोकथाम के लिए प्रदेश के 38 जनपदों में दिनांक-02.04.2018 से 16.04.2018 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया गया था तथा गोरखपुर एवं बस्ती मण्डल के सभी 07 जनपदों में दस्तक अभियान चलाया गया था, जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से संचारी रोग पखवाड़ा तथा दस्तक अभियान-2 का प्रारम्भ भी हो चुका है। उक्त आयोजन का आंकलन करने पर यह पाया गया है कि ए0ई0एस/जे0ई0 प्रभावित सभी जनपदों में केवल शुद्धपेयजल की आपूर्ति एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित हो जाए तो ए0ई0एस0/जे0ई0 की बीमारी का उन्मूलन हो सकता है।

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गाँवों में स्वच्छता की व्यवस्था कायम करने के लिए ग्राम प्रधानों को भी उत्तरदायी बनाने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक- तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2- प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- संयुक्त सचिव, चिकित्सा अनुभाग-5, उ0प्र0 शासन को उनके पत्र संख्या- 933/पाँच-5-2018दिनांक 09.07.2018 के क्रम में।
4- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं0), उ0प्र0।
5- समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(प्रवीण कुमार लक्षकार)
विशेष सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in